प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्र सरकार ने राज्यों को घरेलू और वाणिज्यिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए साल पीएनजी कनेक्शनों को सुगम बनाने की दी सलाह।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – नारी शक्ति का सशक्तिकरण बड़ी प्राथमिकता, केन्द्रीय योजनाओं से मिल रही आर्थिक ताकत।

3. पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा में आईईडी ब्लास्ट से एक जवान घायल, एयरलिफ्ट कर भेजा गया रांची, सर्च अभियान जारी।

4. और रांची में आयाजित सब जूनियर नेशनल महिला हॉकी चैंपियनशिप में शाम साढ़े चार बजे मेजबान झारखंड का महाराष्ट्र से होगा मुकाबला।

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों को घरेलू और वाणिज्यिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शनों को सुगम बनाने की सलाह दी है। राज्यों को निर्देश दिया गया कि वे विशेष रूप से घरेलू और आवश्यक जरूरतों के लिए एलपीजी वितरण को प्राथमिकता दें, साथ ही जमाखोरी, हेराफेरी और गलत सूचना पर निगरानी रखें।

****

भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा ने ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ईरान ने अमरीका और इस्राएल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद यह जलडमरुमध्य बंद कर दिया था। यह मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कुल वैश्विक पैट्रोलियम व्यापार का 20 प्रतिशत परिचालित होता है। जोखिमों के बावजूद, भारतीय जहाजों की गतिविधि सुरक्षित बनी हुई है।

****

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नारी शक्ति को सशक्त करना बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक ताकत मिल रही है । श्री मोदी आज असम में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

****

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने रजरप्पा मंदिर क्षेत्र का विशेष निरीक्षण किया। छिन्नमस्तिका मन्दिर के विकास को लेकर झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। मन्दिर प्रक्षेत्र के लगभग 254 दुकानदारों को प्रशासन की तरफ से हटाने का नोटिस दिया गया है। सांसद ने सभी प्रभावित दुकानदारों के साथ बैठक की। निरीक्षण के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि न्यायालय ने जो आदेश जारी किया हैं, उसमें सभी के हितों का ख्याल रखा गया हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अदालत के पूरे आदेश को लागू करने का आग्रह किया ताकि दुकानदारों का रोजगार बना रहे और भुखमरी जैसी समस्या उत्पन्न ना हो।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारी जगरनाथ महतो की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि टाइगर जगरनाथ महतो ने जल, जंगल, जमीन और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए

अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने उनके संघर्ष और जनसेवा को प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें अमर बताया।

****

रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक इस्पात प्लांट में फर्नेस ब्लास्ट होने से वहां काम कर रहे लगभग नौ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। लगभग पांच मजदूरों की हालत नाजुक बताई जा रही है। फर्निस कैसे फटा और किसकी लापरवाही है, इसका पता लगाया जा रहा है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट की घटना में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान की पहचान अनुज कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजे जाने की सूचना मिली है।

****

रामगढ़ जिले में आज सुबह पुलिस और राहुल दुबे गैंग के गुर्गों के बीच हुई मुठभेड़ में एक और शातिर अपराधी पकड़ा गया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि यह अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। और इसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। मुठभेड़ में पतरातू थाना प्रभारी घायल हो गए हैं । पुलिस अधीक्षक ने सभी अपराधकर्मी से अपराध की दुनिया छोड़ मुख्य धारा में लौटने की अपील की ।

****

झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सात सक्रिय नक्सलियों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है।इनमें चार महिला नक्सली और एक करोड़ रुपये का इनामी उग्रवादी भी शामिल है। एनआईए द्वारा भेजे गए पत्र में जिन नक्सलियों की जानकारी मांगी गई है, उनमें एक करोड़ का इनामी अनमोल भी शामिल है

****

साहिबगंज स्थित जिला व्यवहार न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले 26 मार्च को भी कोर्ट को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी. यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है । सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए हेडक्वार्टर डीएसपी मौके पर पहुंच गए है और जांच कर रहे हैं ।

****

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से घरेलू शेयर सूचकांक के शुरूआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स तीन सौ 82 अंक लुढ़ककर 72 हजार नौ सौ 37 पर, जबकि निफ्टी 117 अंक फिसलकर 22 हजार पांच सौ 96 पर आ गया। इस बीच डॉलर के मुकाबले रुपया 33 पैसे मजबूत होकर 92 रुपये 85 पैसे हो गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 39 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 50 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 16 वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन कल बी–डिवीजन और ए–डिवीजन को मिलाकर कुल छह मैच खेले गये, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब जैसी टीमों ने अपने विजयी अभियान की शुरुआत की। टूर्नामेंट के तीसरे दिन आज झारखंड की टीम अपना पहला मुकाबला शाम 4.30 बजे महाराष्ट्र के खिलाफ खेलेगी.।

****

राजगीर में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम ने शानदार आगाज किया. अपने पहले मुकाबले में झारखंड ने संघर्षपूर्ण मैच में दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी टीम को 1–0 से हराया.

********समाप्त***************